**टूण्डला-एटा लाइन का विस्तार**

4061. श्री महा दीपक सिंह शाक्य : क्या रेल मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने टूण्डला-एटा ब्रांच लाइन के विस्तार के लिए सर्वेक्षण कार्य शुरू किया है, और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले हैं ?

रेल मंत्री (श्री टी० ए० पाई) : (क) और (ख) 1969 की अलाभप्रद शाखा लाइन समिति द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर, टूण्डला-बरहन-एटा शाखा लाइन को कासगज तक बढ़ाने के लिए यातायात सम्बन्धी सर्वेक्षण 1970-71 में किया गया था। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय दृष्टि से इस परियोजना का औचित्य नहीं क्योंकि इससे 1.9 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर केवल 1 प्रतिशत का प्रतिफल मिलेगा। इस बात को और अर्थोपाय की कठिन स्थिति को भी ध्यान में रखते हुए इस शाखा लाइन के विस्तार पर विचार नहीं किया जा रहा है।

**बरेली डिवीजन में अपर क्लास के 'वेटिंग रूम्स' में अटेन्डेंट की नियुक्ति**

4062. श्री महा दीपक सिंह शाक्य : क्या रेल मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पुरूषों तथा महिलाओं के प्रत्येक अपर क्लास "वेटिंग रूम", में सरकार एक अटेन्डेन्ट नियुक्त करती है, और

(ख) यदि हां, तो पूर्वोत्तर रेलवे के बरेली डिवीजन में उन स्टेशनों के नाम क्या हैं जहां अपर क्लास "वेटिंग रूम", में अटेन्डेन्ट नियुक्त नहीं किये गये हैं और इसके क्या कारण है ?

रेल मंत्री (श्री टी० ए० पाई) : (क) और (ख) इज्जतनगर मन्डल (न कि बरेली मन्डल) के नीचे लिखे स्टेशनों पर, जहां कि यातायात नियमित नहीं है प्रतीक्षालय बैरो की व्यवस्था नहीं है –

हाथरस सिटी
सिकन्दरा राव
सहावर टाउन
गंज डुंडवारा
करीम गंज
हल्द्वानी
ऊझानी
कचला ब्रिज
मानपुर नगरिया
सोरा
पूरनपुर
खटेमा
बाजपुर
रामनगर
बिमालपुर
वृन्दावन
कन्नौज
भोजपुरा

अमहत्वपूर्ण स्टेशनों पर, जहां ऊंचे दर्जे के नियमित यात्री यातायात नहीं होता, ऊंचे दर्जे के प्रतीक्षालयों को बन्द रखा जाता है और उन्हें यात्रियों के अनुरोध पर खोला जाता है।

**Production of Potassium Chloride and Ammonium Sulphate**

4063. SHRI N. K. P. SALVE: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS be pleased to state the reasons for not producing Pottasium Chloride and Ammonium Sulphate in